बिहार में उद्योगों की स्थापना की योजना

10634. **श्री रामावतार शास्त्री** : क्या **उद्योग** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या बिहार सरकार ने राज्य में नए उद्योगों की स्थापना के लिए केन्द्र सरकार को कोई योजनाएं प्रस्तुत की हैं;

(ख) यदि हां, तो राज्य सरकार की योजनाओं का ब्यौरा क्या है; और

(ग) इस संबंध में केन्द्रीय सरकार की प्रतिक्रिया क्या है ?

उद्योग मंत्रालय में राज्य मन्त्री (श्री पट्टाभि रामा राव) :(क) से (ग) उद्योग मन्त्रालय को बिहार सरकार द्वारा उस राज्य में नये उद्योगों की स्थापना के लिए किसी योजना के प्रस्तुत किए जाने की जानकारी नहीं है। फिर भी, 1983 और 1984 (आज तक) में बिहार राज्य में नये एकक स्थापित करने के लिए लाइसेंसों की मंजूरी हेतु राज्य सरकार के उपक्रमों द्वारा 6 आवेदन प्रस्तुत किये गये थे। इन 6 आवेदनों में से, 3 मामलों में आश्रय-पत्र जारी किये गये थे, 2 को अस्वीकृत कर दिया गया है और 1 विचाराधीन है।

सागर विकास के लिए नई योजना

10635. **श्री रामावतार शास्त्री** : क्या **प्रधान मन्त्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने सागर विकास के लिए कोई नई योजना तैयार की है; और

(ख) यदि हां, तो तत्सम्बन्धी ब्यौरा क्या है ?

विज्ञान और प्रौद्योगिकी, परमाणु ऊर्जा, अंतरिक्ष इलैक्ट्रानिकी और महासागर विकास विभागों में राज्य मन्त्री (श्री शिवराज वी. पाटिल) : (क) और (ख) महासागर विकास विभाग के निम्नलिखित बड़ी योजनाएं सागर विकास के लिए हैं :-

(1) एन्टार्कटिक अनुसन्धान।

(2) हिन्द महासागर में जीवित खनिजों और बहुधात्विक पिंडों की खोज।

(3) पानी के अन्दर तकनीकी विद्या को प्राप्त करना।

(4) विशेष विज्ञानिक समुद्री जहाजों को प्राप्त करना।

(5) उर्मी ऊर्जा और समुद्री पानी से ऊर्जा प्राप्त करने के कार्यक्रम।

(6) समुद्री तकनीक का विकास।

(7) समुद्री विज्ञान और तकनीक में शिक्षित जन-शक्ति का विकास।

(8) महासागर डाटा वेद्य की स्थापना।

विभिन्न धातु और खनिजों की खानों का पता लगाना

10636. **श्री रामावतार शास्त्री** : क्या **इस्पात और खान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या अभी हाल ही में देश के विभिन्न भागों में विभिन्न धातुओं और